आकाशवाणी केन्द्र शिमला
20.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने माना है कि प्रदेश में इस समय स्वास्थ्य सेवाएं बहुत निचले स्तर पर हैं। धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन आज प्रश्नकाल के दौरान सदन में विधायक दीपराज के एक सवाल में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी माना कि राज्य में लगभग हर स्वास्थ्य संस्थान में स्टाफ की कमी है और सरकार इसे दूर करने के लिए प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रेडियोग्राफरों की सबसे अधिक कमी है और इनकी भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार रेडियोग्राफर को दिए जाने वाले वेतन में भी वृद्धि करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार आईजीएमसी शिमला में एक सौ 33 टेस्ट निशुल्क कर रही है, जबकि कमला नेहरू अस्पताल में 42 टेस्ट निशुल्क हैं। विधायक अजय सोलंकी के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य में बंदरों की समस्या को कम करने के लिए बरसात के दौरान किए जाने वाले पौधरोपण में 60 फीसदी पौधे फलदार लगाएगी। विधायक चंद्रशेखर के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी में सुधार के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास जारी हैं और निगम की आय में बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने प्रदेश की जीवन रेखा कही जाने वाली एचआरटीसी के सुचारू संचालन के लिए सभी लोगों, खासकर विपक्षी दल भाजपा का सहयोग मांगा है। अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी के 96 फीसदी रूट घाटे के हैं। इसके बावजूद निगम में न तो किसी कर्मचारी का वेतन बकाया है और न ही पेंशन की राशि बकाया है। अग्निहोत्री ने कहा कि परिवहन निगम में इस समय 3 हज़ार 2 सौ बसों का बेड़ा है और निगम की बसों में हर रोज लगभग 5 लाख यात्री सफर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम में चालू वित्त वर्ष के दौरान 7 सौ से अधिक नई बसें शामिल की जा रही हैं। विधायक मलेंद्र राजन के एक सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि देश के आजाद होने के बाद से लेकर अभी तक हिमाचल के एक हज़ार 7 सौ 14 जवान और अधिकारी बैटल कैजुअल्टी घोषित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से 7 सौ 36 अधिकारी और जवान कांगड़ा जिला से संबंध रखते हैं।

शून्यकाल

प्रदेश विधानसभा के इतिहास में आज एक नया अध्याय जुड़ गया और लोकसभा की तर्ज पर अब प्रदेश विधानसभा में भी शून्यकाल की व्यवस्था कर दी गई है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन शून्यकाल के दौरान लाहौल स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने टोल टैक्स का पहला मामला उठाया। इसका जवाब देते हुए लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि एनएचएआई के समक्ष यह मामला उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आई थी तब भी टोल टैक्स को स्थगित किया गया था। विक्रमादित्य सिंह ने विधायक को आश्वासन दिया कि केंद्र के समक्ष इस मामले को उठाया जाएगा ताकि लोगों को राहत मिल सकें। विधायक हरदीप सिंह बावा ने नालागढ़ में स्थापित होने वाले एथनॉल प्लांट में उपयोग होने वाले भू जल का मामला शून्य काल में उठाया। इसके जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भू–जल दोहन के मामले में उनके विभाग की टीम उद्योगों का निरीक्षण करेगी। उन्होंने कहा कि भू–जल दोहन के मामले में एमओयू की अवहेलना करने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की जाएगी। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि नालागढ़ औद्योगिक क्षेत्र में भू जल स्तर नीचे जा रहा है। 70 फीसदी भू–जल का दोहन किया जा चुका है। भावी पीढियों के लिए हमें इस बारे सोचने की आवश्यकता है।

प्रदर्शन

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के नेतृत्व में विपक्षी दल भाजपा ने आज धर्मशाला में विधानसभा परिसर के बाहर नौकरी से निकले गए आउटसोर्स कर्मियों और गेस्ट टीचर पॉलिसी के विरोध में प्रदर्शन किया। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार 5 साल में 5 लाख नौकरियां देने का वादा कर सत्ता में आई थी और पहली कैबिनेट में एक लाख रोजगार देने की बात कही गई थी। इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने आउटसोर्स के तहत कार्यरत 10 हज़ार कर्मियों को बाहर का रास्ता दिखा दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि विपक्ष प्रदेश सरकार की गेस्ट टीचर भर्ती पॉलिसी का विरोध करता है, क्योंकि यह पॉलिसी प्रदेश के हजारों बेरोजगार युवाओं के साथ खिलवाड़ है।

नमस्कार।